**सुविचार**

कुछ ज्यादा ख्वाहिशें नहीं ए-जिंदगी तुझसे, बस मेरा अगला कदम पिछले से बेहतरीन हो!!

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज



मास्क जरूरी, नहीं कोई मजबूरी

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 02 SEPTEMBER TO 08 SEPTEMBER 2021 • VOLUME-7 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : ankush@innovativetechin.com • hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University, Phagwara.

*T&C apply


## पंजशीर के जवानों ने मारे तालिबान के 300 लड़ाके

**काबुल.** अफगानिस्तान के पंजशीर में उत्तरी गठबंधन और तालिबान के बीच संघर्ष जारी है। अहमद मसूद का दावा है कि अब तक 350 तालिबानी लड़ाकों को मार गिराया गया है। बताया जा रहा है कि उत्तरी गठबंधन ने तालिबान से हथियार और गोला बारूद भी छीन लिया है। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि तालिबान और उत्तरी गठबंधन के बीच पंजशीर प्रांत के कुछ हिस्सों में संघर्ष हो रहा है। तालिबान के एक प्रवक्ता के मुताबिक, पंजशीर पूरी तरह से घेरे में है। हालांकि, उत्तरी गठबंधन का दावा है कि पंजशीर में उसकी पकड़ मजबूत है। मालूम हो कि पंजशीर अफगानिस्तान का एकमात्र प्रांत है जो तालिबान के अधीन नहीं है, दिवंगत सैन्य कमांडर अहमद शाह मसूद के बेटे अहमद मसूद ने तालिबान के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान ने मंगलवार रात 11:00 बजे हमला किया और हमला अभी भी जारी है। मरने वालों की संख्या स्पष्ट नहीं है क्योंकि दोनों पक्षों के आधिकारिक सूत्रों ने संघर्ष के बारे में



मीडिया से बात नहीं की है। तालिबान विद्रोहियों व उत्तरी गठबंधन के बीच सोमवार रात को भी झड़प हुई और रिपोर्ट के अनुसार, लड़ाई में आठ तालिबान विद्रोही मारे गए।

उत्तरी गठबंधन के प्रवक्ता फहीम दशती ने कहा कि अहमद मसूद के वफादार एक समूह ने तालिबान विद्रोहियों को घाटी के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर घेर लिया। हमले में आठ तालिबान सदस्य मारे गए थे और इतनी ही संख्या में घायल हुए थे, जबकि उत्तरी गठबंधन बलों के दो सदस्य घायल हो गए थे। मालूम हो कि मसूद ने खुद को पंजशीर घाटी में स्थानीय लड़ाकों और अफगान सेना और विशेष बल इकाइयों के कई सदस्यों के साथ स्थापित किया है, जो अफगानिस्तान के स्व-घोषित कार्यवाहक उप राष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह के समर्थन से उत्तरी गठबंधन का समर्थन करते हैं।

हालांकि मसूद ने तालिबान के साथ बातचीत से समझौता करने का आह्वान किया है, उन्होंने कहा है कि अगर उनके प्रांत पर विद्रोहियों द्वारा हमला किया जाता है तो उनकी सेना विरोध करेगी। इससे पहले, तालिबान ने पंजशीर में दूरसंचार सेवाओं को काट दिया था और निवासियों ने टोलो न्यूज को बताया था कि फोन और इंटरनेट नेटवर्क की कमी गंभीर चुनौतियों का कारण बन रही है।

इस बीच, सालेह ने शनिवार को दावा किया था कि अफगानिस्तान में तालिबान का शासन ज्यादा समय तक नहीं चलेगा। यूरोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, 'तालिबान का कानून इस्लामिक अमीरात है, अफगानिस्तान के लोगों के लिए अस्वीकार्य है और एक समूह द्वारा एक नेता का चुनाव अस्वीकार्य है। तालिबान के लिए अफगानिस्तान में लंबे समय तक शासन करना असंभव है।'

## आईआईटी रोपड़ की स्टार्टअप कंपनी ने विकसित किया दुनिया का पहला स्मार्ट एयर-प्यूरिफायर

**जालंधर ब्रीज.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), रोपड़ और कानपुर के नवोदित वैज्ञानिकों और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय ने एक जीवित-पौधे आधारित वायु शोधक "यूब्रीद लाइफ" विकसित किया है जो इनडोर स्थानों में वायु शोधन प्रक्रिया को बढ़ाता है। ये इनडोर स्थान अस्पताल, स्कूल, कार्यालय और आपके घर आदि हो सकते हैं।



आईआईटी रोपड़ की स्टार्टअप कंपनी, अर्बन एयर लेबोरेटरी, जिसने उत्पाद विकसित किया है, का दावा है कि यह दुनिया का पहला, अत्याधुनिक 'स्मार्ट बायो-फ़िल्टर' है जो सांस को ताज़ा कर सकता है। इसे आईआईटी रोपड़ में विकसित किया गया है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा एक नामित आईहब -एडब्लूएडीएच (एग्रीकल्चर एंड वाटर टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब) है।

## मुख्यमंत्री द्वारा 'इनोवेशन मिशन पंजाब' की शुरुआत

**चंडीगढ़.** उद्यमिता व औद्योगिक क्षेत्र में पंजाब की अनगिणत संभावनाओं का अच्छी तरह इस्तेमाल करने के मकसद से मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने बुधवार को 'इनोवेशन मिशन पंजाब' (आई.एम.पंजाब) की शुरुआत की जो कि पी.पी.पी. (पब्लिक प्राईवेट हिस्सेदारी) पर आधारित होगा। इससे राज्य में दुनिया भर से निवेशकारों को आकर्षित करने और स्टार्ट-अप क्षेत्र को और मज़बूत करने में मदद मिलेगी जिससे राज्य इस अलग क्षेत्र में चोटी के तीन राज्यों में शुमार हो जायेगा।



## विवादित बयान पर हरीश रावत ने मांगी माफी

**चंडीगढ़.** पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने अपने विवादित बयान माफी मांग ली है। दरअसल, हरीश रावत ने मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचने के बाद पार्टी नेताओं से मुलाकात की थी व उनकी समस्याओं को सुना था। इसके बाद उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू व चारों कार्यकारी अध्यक्षों को 'पंज प्यारे' बताया था। रावत की इस टिप्पणी के बाद मामला गर्मा गया जिसके बाद अकाली दल ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की बात कही। विवाद को बढ़ता देख हरीश रावत ने समझदारी से काम लेते होए बुधवार को माफी मांग ली।



पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि मैंने उस शब्द (पंज प्यारे) को एक सम्मानित व्यक्ति के संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया। फिर भी, अगर मेरे शब्दों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं और अपने शब्दों को वापस लेता हूं।

आगे कहा कि मैं प्रायश्चित के लिए अपने प्रदेश (उत्तराखंड) में एक गुरुद्वारे के फर्श पर झाड़ू लगाऊंगा। हरीश रावत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैंने गलती की है और मैं इस गलती के लिए माफी मांगता हूं।

## मजबूत संगठन व कर्मठ कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति : अश्वनी शर्मा




**पठानकोट.** भारतीय जनता पार्टी, पंजाब प्रदेश की जोन नंबर-1 में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रणनीति पर चर्चा हेतु संगठनात्मक बैठक में हुई, जिसकी अध्यक्षता अश्वनी शर्मा ने की। इस बैठक में संगठन महामंत्री दिनेश कुमार, प्रदेश महासचिव व ज़ोन नं. 1 के प्रभारी जीवन गुप्ता, राजेश बागा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र परमार, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी, ज़ोन-1 में पड़ने वाले 9 जिलों के प्रभारी, जिला अध्यक्ष, 9 जिलों में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्रों के इंचार्ज व 9 जिलों के मंडलों के प्रभारी शामिल हुए। बैठक में आगमी विधानसभा चुनाव संबंधी विस्तृत चर्चा की गई और उपस्थित सभी पदाधिकरियों से सुझाव लिए गए।

अश्वनी शर्मा ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और हमें गर्व है कि हम एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाले संगठन के साथ जुड़े हुए हैं। हमारे पास कर्मठ कार्यकर्ताओं की फ़ौज है और संगठन ही हमारी शक्ति है। हम पूरी मजबूती के साथ प्रदेश भर में 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जन-समर्थन के सहयोग से बहुमत हासिल कर जनता की सेवा के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगें। इस अवसर पर प्रवीन बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, सुरेश महाजन, महामंत्री विनोद दीवान, सुरेश शर्मा, विनोद कुमार गुप्ता, आर.पी. मित्तल आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के बावजूद क्यूं कछुए की चाल चल रहा है जालंधर-होशियारपुर मार्ग

## प्रोजेक्ट का भौगोलिक परिस्थिति के अनुकूल न होना विकास और जनता दोनों के लिए बड़ी परेशानी

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

नेशनल हाईवे द्वारा जहां पूरे देश में रोड नेटवर्क का जाल बिछाया जा रहा है वहीं पंजाब में नेशनल हाईवे जालंधर-होशियारपुर मार्ग लंबे समय से पूरा न होने के कारण लंबित पड़ा हुआ है।

नेशनल हाईवे द्वारा इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग सेंटर वर्क्स की होशियारपुर डिवीज़न को यह काम सौंपा हुआ है। साल 2014 में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई थी। जालंधर होशियारपुर मार्ग 2 लेन होने के कारण हिमाचल में धार्मिक स्थलों और गर्मियों में हिल स्टेशंस पर जाने के लिए लोगों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं आदमपुर एयरपोर्ट जाने का भी यही रास्ता है जिससे लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है।

गौरतलब है इस प्रोजेक्ट के सही समय पर पूरा न हो पाने के कारण साल 2016 में लैंड माफियों द्वारा किसानों से एग्रीकल्चर जमीने खरीद कर नेशनल हाईवे को कमर्शियल भाव पर बेच दी गई थी। इस बड़े फ्रॉड का पर्दाफाश होने के बाद नेशनल हाईवे द्वारा कई अफसरों के खिलाफ करवाई करके विभाग द्वारा महंगे दाम पर खरीदी गई जमीनों के एग्रीमेंट रद्द कर दिए गए थे और कई अफसरों और प्राइवेट लोगों के खिलाफ पुलिस केस भी रजिस्टर करवाया गया था।

जिक्र योग्य है कि लैंड फ्राड के सामने आने के बाद इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए पंजाब और नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई

> **जालंधर ब्रीज**
> **विचार**
>
> किसी भी प्रोजेक्ट को बनाने से पूर्व संबंधित विभाग, अधिकारियों को सबसे पहले सीधे जुड़े जनता जो प्रभावित हो सकते हैं उनके हित का ख्याल रखते हुए जरूरी जांच-पड़ताल के बाद ही किसी प्रोजेक्ट को अमल में लाना जरूरी होना चाहिए ताकि करोड़ों के लागत के बाद जो प्रोजेक्ट बनकर जनता को मिले तो इससे सभी को लाभ मिले न कि जनता को इससे परेशानी हो। कारण आनन-फानन में बनाए गए प्रोजेक्टों में ढेरों खामियां देखी जा रही है। इससे जनता के साथ-साथ विकास पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

भी सही ढंग से व्यवस्था नहीं बनाई गई, जिसके चलते आज भी आदमपुर फ्लाईओवर को वर्षों बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा सका है। वहां रह रहे लोग अपने आप को नर्क में रह रहे जैसा महसूस कर रहे हैं।

हाईवे को फोर लेन करने के लिए अभी भी विभाग के अधिकारी उचित व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। अगर इस प्रोजेक्ट को कुछ वर्षों तक पूरा कर भी लिया जाता है फिर भी मौजूदा रिहायशी और कमर्शियल अदारें जो पहले से ही वहां व्यवस्थित हैं उनको स्लिप रोड मुहैया नहीं करवाई गई है जिससे माननीय हाईकोर्ट द्वारा पास किए हुए आर्डर में नेशनल हाइवे पर परपेंडीकुलर असैस (90 डिग्री) होने की स्थिति पर रोक लगाई गई है। उसके बाद पंजाब चीफ सैक्ट्री द्वारा विभागों को चिट्ठी जारी कर हाईकोर्ट के निर्देशों की पालना के लिए कहा गया था। यह सारे नियम आम जनता पर ही लागू है। लेकिन राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी खुद इस कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

दूसरी तरफ रोड के लिए रास्ते के साथ लगती उचित जमीनों को एक्वायर करने में गड़बड़ी के कारण जो ड्रेनेज सिस्टम बनाई गई है वह लोगों की निजी दुकानों के बिल्कुल ऊपर आ गई है। जिससे लोगों के कारोबार पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

कई जगहों पर रात के वक्त निर्माणाधीन कंपनी द्वारा डायवर्सन के लिए सिग्नल बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं और आगे सर्दी का सीजन शुरू होने वाला है ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहेगी। केंद्र सरकार में मौजूदा केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश इस क्षेत्र से लोक सभा चुनाव जीते हैं इसके बावजूद इनके अनदेखी के कारण इस हाईवे प्रोजेक्ट जो कछुए की चाल चल रहा है इसको पूरा करवाना एक चुनौती बन गया है। ऐसे में इन्हें आने वाले विधानसभा और लोक सभा चुनावों में लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है।





**नेशनल हाईवे विभाग**







• नेशनल हाईवे जालंधर- होशियारपुर मार्ग लम्बे समय से निर्माणाधीन है जिससे यहां से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं यहां के निवासी नरकीय जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। सबसे बड़ी समस्या रात के समय लाइट की उचित व्यवस्था का न होना और आगे सर्दी का मौसम भी आने वाला है।

# मालदीव घूमने के लिए नहीं चाहिए ज्यादा पैसा

**ऐसे बनाएं बजट यात्रा का प्लान!**



**कवर स्टोरी**

**मालदीव, एक ऐसा खूबसूरत देश जहाँ घूमने से हम भारतीय अकसर परहेज़ करते हैं और इसका कारण है पैसा। हम सबको ये अंदाज़ा है कि मालदीव घूमने में लाखों रूपए खर्च हो जायेंगे। अगर आप भी उनमें से हैं जो खर्च की वजह से मालदीव के बारे में सपने में भी नहीं सोचते तो वक़्त आ गया है इस सपने को हकीकत में बदलने का! आईए जानते हैं आपके पॉकेट के हिसाब से मालदीव की बजट ट्रिप कैसे प्लान करें।**









• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

### मालदीव में कहां घूमें?

सबसे पहले ये निर्णय लेना बहुत ज़रूरी है कि मालदीव में आप घूमना चाहते हैं। मालदीव में लगभग 105 आइलैंड रिसॉर्ट्स हैं और सभी रिसॉर्ट्स आपको सभी तरह की सुविधाएं और रोमांच देते हैं। इसलिए आप अपने बजट के हिसाब से ही रिसॉर्ट का चयन करें। क्योंकि हम यहां एक सीमित बजट की बात कर रहे हैं इसलिए मेरा सुझाव होगा कि आप माफुशी द्वीप के लिए अपना ट्रिप प्लान करें। माफुशी मालदीव का सबसे बेहतर और सस्ता रिसॉर्ट है और वहां आपको हर तरह की सुविधा और रोमांच मिलेगा जो किसी और रिसॉर्ट में है।

सबसे पहले तो आप अपना पासपोर्ट, कुछ पासपोर्ट साइज़ की फ़ोटो और वीज़ा बनवा लें। मालदीव के लिए वीज़ा मिलना बहुत आसान है पर अपनी तैयारी के लिए कम से कम एक या डेढ़ महीने पहले ही वीज़ा के लिए आवेदन दे दें। इसके बाद आपका अगला कदम होगा फ्लाइट के लिए टिकट बुक करना।

### कौन से मौसम में जाएं मालदीव्स?

क्योंकि हम बजट ट्रिप के बात कर रहें है तो इस बात का चयन करना भी ज़रूरी है कि टिकट कब सस्ती होती है और कौन से मौसम में घूमना सही होगा। मालदीव में ज़्यादातर भीड़ दिसंबर से मार्च के महीने में होती है। ज्यादा यात्रियों की वजह से हर चीज़ महंगी हो जाती है इसलिए बजट ट्रिप के लिए बेहतर यही होगा कि आप अक्टूबर या नवम्बर की योजना बनाएं। लगभग 13,000 रुपए में आपको आने जाने की फ्लाइट मिल जाएगी। आप दिल्ली से मेल एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट ले सकते हैं जहां से आपको फेरी मिल जाएगी। मेल टाउन से माफुशी पहुंचने के लिए फेरी का किराया 1 से 2 डॉलर है मतलब 70-100 रुपए के करीब।

ध्यान रहे कि मालदीव में लगभग हर जगह अमरीकी डॉलर स्वीकार किया जाता है इसलिए माले एयरपोर्ट के आस-पास ही अपनी मुद्रा बदलवा लें।

### कितने दिनों की योजना बनाएं?

वैसे तो आप पूरा सप्ताह बिता सकते हैं और तब भी आप मालदीव छोड़ कर नहीं जाना चाहेंगे। अगर आप 3 रातें और 4 दिन का ट्रिप प्लान करेंगे तब भी आप हर चीज़ का मज़ा ले सकते हैं जो आप उन 7 दिनों में मिलेगा। ध्यान रहे कि जिन दिनों के लिए आप ट्रिप की योजना बना रहे हैं उसमें शुक्रवार ना आता हो। शुक्रवार को मालदीव में छुट्टी होती है इसलिए बाज़ार बंद होता है। कुछ दुकानें खुली मिल भी गयी तो हर चीज़ बहुत महंगी मिलेगी।

### माफुशी द्वीप की खासियत

माफुशी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि मालदीव जैसे महंगे देश में जहां होटल के एक रात का किराया 35,000 रुपए - 1,40,000 रुपए तक होता हैं वहीं माफुशी में आपको 4,000-रुपए 7,000 रुपए तक में ठीक कमरा मिल जाएगा। इस द्वीप के उत्तरी इलाके में आपको सभी तरह के स्पोर्ट्स एडवेंचर मिलेंगे और इसकी दूसरी तरफ आपको सभी तरह के होटल और कैफ़े दिखाई देंगे। अपने बजट के हिसाब से होटल का चयन करें। कई रिसॉर्ट आपको कमरे के साथ कॉम्प्लीमेंट्री नाश्ता भी देंगे तो या आप वो पैकेज ले लें या फिर माफुशी का लोकल खाना खाएं। माफुशी में आपको कई प्रकार के रेस्तरां मिलेंगे और एक व्यक्ति के खाने में 500 से 1000 रुपए तक का खर्च होगा। एरीना बीच रेस्तरां और क्रिस्टल सैंड में आपको दाल फ्राई और चिकेन बिरयानी भी मिल जाएगी। अगर आप मांसाहारी हैं तो वहां का लोकल सी फ़ूड ज़रूर खाएं। मालदीव्स की टूना कोठू रोशी काफी मशहूर है। हारबर कैफ़े में शाकाहारियों को कई अच्छे विकल्प मिलेंगे।

### माफुशी द्वीप में क्या-क्या करें?

### कयाकिंग

मालदीव का सबसे मशहूर सपोर्ट कयाकिंग आपको बेहतरीन रोमांच से रूबरू करवाएगा। वहां का विशाल समुद्र और, और आप अपनी नाव में समुद्र में घूमने का आनंद लेंगे। पानी के साथ ये एडवेंचर आपको आत्म विश्वास से भर देगा और आप पूरी एनर्जी के साथ हर स्पोर्ट का आनंद उठाने के लिए तैयार हो जायेंगे। इसके लिए आपको 6000-7000 रुपए खर्च करने होंगे।

### स्कूबा डाइविंग

मालदीव्स का सबसे प्रसिद्ध वॉटर स्पोर्ट है स्कूबा डाइविंग। मालदीव का बेस्ट स्कूबा डाइविंग साईट है काडूमा थिला। यहां आपको अलग अलग तरह के शार्क, रंग बिरंगी मछलियां कछुवे और कई समुद्री प्राणी दिखाई देंगे। आपके साथ एक गाइड होगा जो आपको हर प्रकार की जानकारी देगा। एक ड्राइव की कीमत 4000-5000 रुपए तक है। स्कूबा डाइविंग करते हुए आपको ये एहसास हो जाएगा कि मालदीव आना आपकी ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत निर्णय था।

---

## दिल्ली से मुंबई मात्र 1 घंटा 22 मिनट में! हवा से बात करते हुए चलती है कैप्सूल जैसी दिखने वाली यह ट्रेन




**नई दिल्ली.** दिल्ली से मुंबई मात्र 1 घंटा 22 मिनट में! हवा से बात करते हुए चलती है कैप्सूल जैसी दिखने वाली यह ट्रेन...

हायपरलूप तकनीक में एक पॉड्स होता है, जो एक वैक्यूम ट्यूब में ट्रैवल करता है। इस तकनीक में पॉड्स स्पीड बढ़ाने के लिए मैग्नेटिक लेविटेशन और प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं।

आपसे अगर कहा जाए कि दिल्ली से मुंबई या मुंबई से दिल्ली आप डेढ़ घंटे से भी कम समय में पहुंच सकते हैं, तो विश्वास करना मुश्किल होगा न! 1,153 किलोमीटर की दूरी महज 1 घंटा 22 मिनट में तय करना संभव होगा भला? इसका जवाब है, वर्जिन ग्रुप के पास। कंपनी की हायपरलूप तकनीक से 1000 किमी का सफर महज एक घंटे में पूरा किया जा सकता है।

पिछले कुछ वर्षों से वर्जिन ग्रुप की हायपरलूप तकनीक का ट्रायल और डेवलपमेंट किया जा रहा है। इस तकनीक के जरिये हजारों किलोमीटर का सफर मिनटों में पूरा किया जा सकता है। देश में इस टेक्नोलॉजी का ट्रायल सफल रहा तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। इस तकनीक में पैसेंजर 1,000 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार पर सफर करते हैं।

**विभिन्न शहरों के बीच यात्रा करने के समय का खुलासा :** अब आप सोचेंगे कि आखिर दिल्ली से मुंबई की बात यहां क्यों हो रही है, क्या इस दिशा में भी कोई काम हो रहा है? इसका जवाब है- फिलहाल तो नहीं, लेकिन भविष्य में ऐसी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। दरअसल, हायपरलूप की वेबसाइट पर रूट एस्टिमेटर के अनुसार, दिल्ली से मुंबई की लगभग 1,153 किलोमीटर की दूरी केवल 1 घंटा 22 मिनट में तय की जा सकती है। हायपरलूप ने विभिन्न शहरों के बीच यात्रा करने के समय का खुलासा किया गया है। इस तकनीक के जरिये यात्रा करने के समय में काफी बचत हो सकती है।

**कैसे काम करती है हायपरलूप तकनीक? :** हायपरलूप तकनीक में एक पॉड्स होता है, जो एक वैक्यूम ट्यूब में ट्रैवल करता है। इसकी वीडियो देखेंगे तो यह आपको कैप्सूल जैसी ट्रेन लग सकती है। इस तकनीक में पॉड्स स्पीड बढ़ाने के लिए मैग्नेटिक लेविटेशन और प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। ट्रेन की तरह ही ये पॉड्स एक साथ ट्रैवल कर सकते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि ये आपस में जुड़े हों। आपस में जुड़े नहीं होने के कारण ये अलग-अलग रूट्स में ट्रैवल कर सकते हैं और अलग लोकेशंस पर जा सकते हैं।

## पुराने CPU को पूरी तरह से सपोर्ट नहीं करेगा विंडो 11, सिक्योरिटी और ड्राइवर अपडेट में आ सकती है दिक्कत

**माइक्रोसॉफ्ट** ने कथित तौर पर चेतावनी दी है कि पुराने सीपीयू पर विंडोज 11 अपडेट नहीं होगा। क्या हैं विंडो 11 के लिए हार्डवेयर रिक्वायरमेंट्स...

माइक्रोसॉफ्ट एक बयान में कहा, हमने निष्कर्ष निकाला है कि कॉम्पैटिबल 64-बिट प्रोसेसर सलेक्टेड, 4 जीबी मेमोरी, 64 जीबी स्टोरेज, यूईएफआई सिक्योर्ड बूट, ग्राफिक्स रिक्वायरमेंट्स और टीपीएम 2.0 सही मिनिमम सिस्टम रिक्वायरमेंट्स हैं, जिन्हें हमने आपके बेस्ट सपोर्ट के लिए इंस्टॉल प्रिंसिपल्स पर डिलीवर किया है। हमने पर्सनल कंप्यूटर मॉडल के एक सेट की पहचान की है जो इंटेल 7 वीं जनरेशन के प्रोसेसर पर चलते समय प्रिंसिपल्स को पूरा करता है जिसे हमने ऑरिजनल रूप से अपनी मिनिमम सिस्टम रिक्वायरमेंट्स में शामिल नहीं किया था।

माइक्रोसॉफ्ट ने जून में अपनी विंडोज 11 मिनिमम हार्डवेयर रिक्वायरमेंट्स की घोषणा की थी और यह स्पष्ट किया कि केवल इंटेल 8 वीं जनरेशन और सीपीयू से परे ऑफीशियल तौर पर सपोर्टेड थे। हालांकि, अब कंपनी ने कहा कि यह इंस्टॉल वर्कअराउंड मुख्य रूप से बिजनेस के लिए विंडोज 11 का इवैल्यूएशन करने के लिए डिजाइन किया गया था।

इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट पर्सनल कंप्यूटर हेल्थ चेक ऐप को अपडेट कर रहा है। नया ऐप इस बारे में अधिक डिटेल्स उपलब्ध कराएगा कि क्या ये अपग्रेड के लिए सिस्टम को डिसेबल बनाता है, जिसमें केवल टीपीएम 2.0 या सिक्योर बूट को सक्षम करना भी शामिल है।

## चीन में सरकार के निशाने पर 'सेलिब्रिटी कल्चर' एक्ट्रेस पर लगा 339 करोड़ का जुर्माना, अमीर लोगों की निगरानी बढ़ी



**बीजिंग.** चीन में मशहूर हस्तियों सहित अमीर लोगों पर सरकार ने निगरानी कड़ी कर दी है। अब यहां अभिनेत्री झेंग शुआंग पर कर चोरी करने के मामले में भारी जुर्माना लगाया गया है।

चीन में सरकार एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के प्रति लगातार सख्ती अपना रही है। यहां आय के अंतर को कम करने की नई नीति के तहत मशहूर हस्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अब इन्हीं उपायों के मद्देनजर जानी-मानी चीनी अभिनेत्री झेंग शुआंग पर कर चोरी के मामले में चार करोड़ 61 लाख डॉलर (करीब 339 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। 'शंघाई म्युनिसिपल टैक्स सर्विस' ने झेंग पर एक टीवी सीरीज की शूटिंग के दौरान 2019 और 2020 के बीच आय की सही जानकारी नहीं देने और कर चोरी के मामले में शुक्रवार को जुर्माना लगाया।

कर अधिकारियों ने कहा कि झेंग का मामला फिल्म और टेलीविजन उद्योग में 'यिन और यांग' अनुबंध की स्थिति का उदाहरण है। 'यिन और यांग' अनुबंध का मतलब है कि दो पक्षों के बीच एक ही समझौते के लिए दो दस्तावेज तैयार किए जाते हैं। असल दस्तावेज केवल दोनों पक्षों के बीच रहता है, जबकि दूसरे दस्तावेज में कम वेतन दिखाया जाता है और यही दस्तावेज कर एर्जेसियों को दिया जाता है, ताकि कम कर का भुगतान करना पड़े।

**सभी कार्यक्रमों का प्रसारण रोकने की मांग :** सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने बताया कि ऐसा कहा जा रहा है कि अत्यधिक कमाई वाले मनोरंजन उद्योग के नियमन को कड़ा करने के प्रयासों के तहत झेंग पर जुर्माना लगाया गया है। 'नेशनल रेडियो' और 'टेलीविजन एडमिनिस्ट्रेशन' ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन सभी कार्यक्रमों का प्रसारण रोक देना चाहिए, जिनमें झेंग ने काम किया है। झेंग को इस साल की शुरुआत में सरोगेसी के जरिए हुए अपने दो बच्चों को अमेरिका में छोड़ने के आरोपों को लेकर सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा था।

**सबकी समृद्धि के लक्ष्य पर सरकार का ध्यान :** राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मौजूदा पंचवर्षीय योजना में 'सबकी समृद्धि' के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किए जाने के बाद अमीर लोगों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। चीन सरकार ने व्यापक स्तर पर आय में असमानता, बढ़ते कर्ज के स्तर और कम होती खपत से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी, ऑनलाइन शिक्षा और रियल एस्टेट सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की कई कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें अलीबाबा भी शामिल है।

---

## सफेद चावल को इस तरह खाने से घटता है वजन

**सफेद चावल में कई तरह के पोषक तत्व होते है। लेकिन क्या आप जानते हैं इसका इस्तेमाल वजन घटाने के लिए कर सकते हैं। जी हां, हम आपके लिए कुछ टिप्स लाएं हैं जिसका इस्तेमाल कर तेजी से वजन घटा सकते हैं।**

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ रिपोर्टर





वजन कम करने के लिए सफेद चावल का सेवन एक झांसे की तरह लग सकता है, लेकिन ये वास्तव में सच है। विशेषज्ञों का मानना है कि अब आप अपने पसंदीदा सफेद चावल खा सकते हैं और ये वजन कम करने में भी मदद करता है। लेकिन ये तरीका तब प्रभावी है जब आप इन टिप्स को फॉलो करेंगे। ये टिप्स चावल के पोषक तत्वों को बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही बैली फैट को भी कम करता है। आइए जानते हैं इन तरीकों के बारे में।

सफदे चावल लंबे समय से हेल्दी डाइट की लिस्ट से बाहर है। क्योंकि इनमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है जो सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। हालांकि कई अध्ययनों में बताया गया है कि चावल को सही तरीके से खाने से मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने में मदद करता है और पौष्टिक तत्वों को भी बढ़ाने का काम करता है। आइए जानते हैं सफेद चावल का इस्तेमाल वजन घटाने के लिए कैसे कर सकते हैं।

**सफेद चालव वजन घटाने में करता है मदद :** न्यूट्रिशनिष्ट और स्वास्थ्य विशेषज्ञ अक्सर वजन कम करने के लिए कम कैलोरी और कम फैट वाली चीजें खाने की सलाह देते हैं और सफेद चावल इसमें पूरी तरह से फिट बैठता है। विशेषज्ञों के अनुसार, सफेद चावल ग्लूटेन फ्री डाइट है जिसमें फैट की मात्रा कम होती है और आसानी से पच जाता है। इसकी वजह से मेटाबॉल्जिम बूस्ट होता है जो वजन घटाने में मदद करता है। सफदे चावल में विटामिन्स, मिनरल्स, विटामिन बी, मैंग्नीशियम समेत अन्य पोषक तत्व होते हैं। हालांकि अधिक मात्रा में सफेद चावल खाने से वजन बढ़ता है। चावल खाते समय इन बातों का ध्यान रखते हैं तो वजन कम कर सकते हैं।

**वजन घटाने के लिए इन बातों का रखें ध्यान :** चावल की मात्रा पर ध्यान दें - अगर आप वजन घटाने की सोच रहे है तो सबसे पहली बात अपने खाने की मात्रा पर खास ध्यान दें। हमेशा कम मात्रा में सफेद चावल खाएं और चावल के साथ किसी अन्य प्रकार के कार्बोहाइड्रेट या फैट वाली चीजों का सेवन न करें।

**चावल बनाने का तरीका बदलें :** चावल से कार्बोहाइड्रेट की अधिक मात्रा को बाहर निकालने का तरीका है कि उसे स्वस्थ तरीके से पकाया जाएं। आप कुछ घंटों के लिए चावल को भिगो सकते हैं, उबाल सकते हैं और पानी निकाल सकते हैं। चावल को बनाते समय घी या किसी तरह के तेल का इस्तेमाल न करें। ऐसा करने से कैलोरी बढ़ेगी।

**हरि सब्जी का इस्तेमाल करें :** आप चावल में पौष्टिक तत्वों को बढ़ाने के लिए हरी सब्जियां का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सनस्क्रीन की तरह काम करते हैं ये नैचुरल ऑयल

**सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए हम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। ये सनबर्न, रैशेज और अन्य समस्याओं से बचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि त्वचा में सनस्क्रीन की जगह पर कई एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।**

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ रिपोर्टर





सूरज से निकलने वाली यूवी ए और यूवी बी किरणे त्वचा के लिए हानिकारक होती हैं। इन किरणों के कारण त्वचा डीली पढ़ जाती हैं और एजिंग के लक्षण नजर आने लगते हैं। धूप की वजह से सनबर्न की समस्या हो सकती है। ऐसे में अक्सर ब्यूटीशियन और त्वचा विशेषज्ञों सनस्क्रीन लगाने की सलाह देते हैं। सनस्क्रीन में प्राकृतिक गुण होते हैं जिनके बारे में हमें पता भी नहीं होता है।

अगर आप सनस्क्रीन नहीं लगाना चाहती हैं तो इन नैचुरल ऑयल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां,त्वचा में तिल का तेल, नारियल का तेल, ऑलिव ऑयल और बादाम का तेल सनस्क्रीन की तरह भी कम सकता है। इनमें कई तरह के औषाधीय गुण होते हैं जो अन्य समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करता है।

**टी ट्री ऑयल :** टी ट्री ऑयल में कई तरह के औषधीय गुण होते हैं। जो खुजली, जलन और रैशेज से बचाने में मदद करता है। आप टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल स्किन केयर के रूप में कर सकते हैं। टी ट्री ऑयल में एंटी सेप्टिक गुण होते हैं जिसकी वजह से आप इसका इस्तेमाल सनस्क्रीन के रूप में कर सकते हैं।

**तिल का तेल :** आप तिल के तेल का इस्तेमाल सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए आपको तिल के तेल में दो से तीन बूंदे को चेहरे पर लगाना है और कुछ बूंदों को गर्दन पर लगाना है। तिल के तेल में विटामिन ई होता है जो सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करता है। धूप में निकलने से पहले तिल का तेल लगाएं। तिल का तेल त्वचा के विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।

**बादाम और जैतून का तेल :** रज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए बादाम और जैतून का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। इन दोनों तेलों को हम सनस्क्रीन की जगह लगा सकते हैं। इसके अलावा स्किन को एक्सफोलिएट करने में भी मदद करता है।

**नारियल का तेल :** नारियल तेल को सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। ये आपकी स्किन के साथ - साथ बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये त्वचा में पोषण देने का काम करता है। आप नारियल तेल का इस्तेमाल त्वचा की सूजन को कम करने के लिए कर सकते हैं।

**सनस्क्रीन की बजाय होम मेड लोशन बनाएं :** त्वचा को फायदा पहुंचान के लिए बादाम और जैतून के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में बादाम और जैतून तेल मिलाएं। इतनी ही मात्रा में नारियल तेल लगाएं। इस मिश्रण में थोड़ा सा वैक्स, गर्म पानी, जिंक ऑक्साइड मिलाएं। इन सभी चीजों को अच्छे से मिलाएं और होम मेड लोशन को धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाएं।

नॉलेज न्यूज़

## पैन के पांचवें अक्षर की वजह से नहीं खुल पाता बैंक में खाता!




***नई दिल्ली.*** *कई बार पैन कार्ड नंबर का पांचवा अक्षर आपके लिए मुश्किल खड़ा हो सकता है और इस वजह से बैंक में खाता खोलने के लिए भी मना किया जा सकता है। जानिए क्या है इसकी कहानी?*

जब भी आप बैंक में खाता खुलवाते हैं तो आपको पैन कार्ड, आधार कार्ड जैसे दस्तावेज की आवश्यकता होती है और आप इनसे खाता खुलवा सकते हैं। पैन कार्ड में सही फोटो, सही नाम होने के बाद भी कई बार आपको पैन कार्ड की वजह से दिक्कत हो सकती है। लेकिन, आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर पैन कार्ड नंबर के पांचवें अक्षर में ऐसा क्या होता है कि लोगों को इसकी वजह से बैंक अकाउंट में खाता खुलवाने में दिक्कत हो जाती है। जानते हैं कि इस पांचवें नंबर में क्या खास है और आप भी कैसे अपना कार्ड चेक कर सकते हैं। साथ ही जानते हैं कि आखिर किस वजह से बैंक में खाता खुलवाने में दिक्कत हो सकती है।

### पैन का पांचवां अक्षर क्या बताता है?

पैन का पांचवां अक्षर भी बेहद खास होता है। यह पैन होल्डर के अंतिम नाम या सरनेम का पहला अक्षर बताता है। यह तभी होता है जब पैन किसी व्यक्ति का हो, न कि संस्था या ट्रस्ट का। अगर पैन किसी व्यक्ति का न होकर किसी एजेंसी, अथॉरिटी, ट्रस्ट या एचयूएफ आदि का हो तो उसका पांचवां अक्षर पैन होल्डर के नाम का पहला अक्षर बताता है। ALWPG5809L में पांचवां अक्षर G है जिससे पैन होल्डर के सरनेम का पहला अक्षर पता चलता है।

### बैंक में क्यों नहीं खुल पाता?

आप ये तो समझ ही गए हैं कि ये पांचवा अक्षर क्या बताया है। अक्सर शादी के बाद महिलाओं का सरनेम चेंज हो जाता है। ऐसे में अगर किसी का पैनकार्ड पहले से बना होता है तो शादी के बाद सरनेम चेंज होने से पैन नंबर सरनेम के हिसाब से नहीं होता है। जैसे पहले किसी का सरनेम शर्मा होता है तो उसका पांचवां अक्षर S रहेगा, लेकिन बाद में यह चेंज हो सकता है। ऐसे में बैंक अधिकारी सरनेम के हिसाब से पांचवां नंबर नहीं होने पर खाते के लिए मना कर सकता है।

### फिर कैसे खुलेगा खाता?

इस स्थिति में खाता खुलवाने के लिए ग्राहक को अन्य दस्तावेज भी देने होते हैं। एसबीआई की ओर से शेयर की गई जानकारी के अनुसार, इस स्थिति में ग्राहक को बैंक में मैरिज सर्टिफिकेट समा करना होगा। इसके अलावा ग्राहक की फोटो पैन कार्ड और अन्य दस्तावेजों से मैच करने वाली होनी चाहिए। साथ ही जन्म तारीख अन्य दस्तावेजों के समान होनी चाहिए, ऐसी स्थिति में पैन कार्ड को स्वीकार किया जाएगा।

### चौथे अक्षर का भी है खास मतलब?

पैन का चौथा अक्षर (ALWPG5809L में लिखा गया P) पैन होल्डर के स्टेटस के बारे में बताता है। यह अक्षर A,B,C,F,G,H,J,L,P,T हो सकता है। अक्षरों से ही सभी बात समझी जा सकती है। A लिखने का अर्थ है एसोसिएशन ऑफ परसन (AoP), B का अर्थ है बॉडी ऑफ इंडिविजुअल (BoI), यहां सी मतलब कंपनी से है, F का अर्थ है फर्म या लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप, G का अर्थ गवर्मेंट एजेंसी, H यानी कि हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (HUF)।

## ट्रेन टिकट बुक कराइए और पाइये गिफ्ट! चलती ट्रेन में बर्थडे सेलिब्रेट करेगा आईआरसीटीसी



**नई दिल्ली.** अगर आप रेल से सफर कर रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। तेजस एक्सप्रेस रेल यात्रियों के लिए एक खास ऑफर लेकर आया है। अब आप चलती ट्रेन में बर्थडे सेलिब्रेट कर सकते हैं। दरअसल, तेजस के यात्री लकी ड्रॉ के जरिए इनाम जीत सकते हैं और इसके लिए आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। टिकट खरीदते ही आपके इनाम जीतने की संभावनाएं बन जाती हैं। आईआरसीटीसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर तेजस एक्सप्रेस के इस ऑफर के बारे में जानकारी दी है।

**सफर के साथ आकर्षक गिफ्ट :** तेजस एक्सप्रेस ने अपने यात्रियों के लिए लकी ड्रॉ स्कीम शुरू की है। इसके तहत 27 अगस्त से 6 सितंबर तक शानदार गिफ्ट मिलेगा। आपको बता दें कि तेजस एक्सप्रेस आईआरसीटीसी द्वारा संचालित होने वाली देश की पहली प्राइवेट ट्रेन है। यह ट्रेन समय-समय पर अपने यात्रियों को लुभाने के लिए तरह-तरह के ऑफर लाती रहती है।

आईआरसीटीसी ने यह भी व्यवस्था कर रखी है कि अगर टिकट किसी और ने बुक किया हो, इस वजह से आईआरसीटीसी के पास आपकी बर्थडे डेट की जानकारी न हो तो पैसेंजर तेजस एक्सप्रेस के स्टाफ को जानकारी स्टेशन में दे सकते हैं, क्योंकि केक का इंतजाम एडवांस में करना होता है।

**13 यात्रियों को मिलता है रोजाना स्पेशल गिफ्ट :** लकी ड्रॉ स्कीम में इनाम जीतने वाले यात्रियों का चयन का खास तरीका है। रोजाना 13 यात्रियों को तेजस एक्सप्रेस की ओर से गिफ्ट दिया जा रहा है। 27 अगस्त को जब पहली बार इसकी शुरुआत हुई तो कुछ यात्री सरप्राइज गिफ्ट पाकर हैरान रह गए। हर दिन कंप्यूटर चेयर कार में यात्रा करने वाले 10 और एग्जीक्यूटिव क्लास में यात्रा करने वाले 3 यात्रियों को गिफ्ट बांटा जा रहा है। यह प्रक्रिया 6 सितंबर तक ऐसे ही चलेगी।

**इस तरह तय किया जाता है लकी ड्रा के विनर का नाम :** लखनऊ और नई दिल्ली के बीच चलने वाली तेजस एक्सप्रेस के यात्रियों के पीएनआर नंबर के आधार पर गिफ्ट दिया जा रहा है। ऑनलाइन बने टिकटों के बीच आईआरसीटीसी की आइटी टीम 13 लोगों के नाम लकी ड्रा में खोलेगी। जिसके बाद उन लोगों को रेलवे की ओर से गिफ्ट दिया जाएगा। तेजस एक्सप्रेस आधुनिक सुविधाओं के मामले में दूसरे ट्रेनों से काफी अलग है। यही वजह है कि इसका किराया भी काफी ज्यादा है।

### बराक ओबामा की इस एक गलती की सजा भुगत रहा है अफगानिस्तान

# आखिर क्यों सबसे खतरनाक आतंकी को किया था रिहा

**ओबामा ने जिन 5 आतंकियों को रिहा किया था उसे जीटमो 5 कहा गया था। तालिबान के खैरुल्ला खैरख्वाह चार और आतंकियों के साथ जेल से छोड़ा गया था। इन आतंकियों को अमेरिकी सैनिक सार्जेंट बाओ बेरगडाल के बदले रिहा किया गया था।**

• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर



पूरे अफगानिस्तान में तालिबान का कहर जारी है और धीरे-धीरे ये अपने पुराने रंग में वापस आता जा रहा है। अफगानिस्तान में जो हालात हैं, उसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अब कई लोग इसके लिए बाइडेन के बॉस रहे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। नोबल का शांति पुरस्कार जीतने वाले ओबामा के एक फैसले की वजह से आज तालिबान और ज्यादा शक्तिशाली हो गया है। बराक ओबामा ने साल 2014 में 5 तालिबानी आतंकियों को को खतरनाक ग्वांतनामो बे की जेल से रिहा किया था। अब यही आतंकी अफगानिस्तान की सत्ता में लौट आए हैं।

**5 आतंकियों को किया गया था रिहा :** ओबामा ने जिन 5 आतंकियों को रिहा किया था उसे जीटमो 5 कहा गया था। तालिबान के खैरुल्ला खैरख्वाह चार और आतंकियों के साथ जेल से छोड़ा गया था। इन आतंकियों को अमेरिकी सैनिक सार्जेंट बाओ बेरगडाल के बदले रिहा किया गया था। इस घटना को प्रीजनर स्वैप कहा गया था। खैरुल्ला इस समय तालिबान की बड़ी ताकत बन गया है।

खैरुल्ला के साथ मोहम्मद नबी, मोहम्मद फजल, अब्दुल हक वासिक और मुल्ला नुरुल्ला को रिहा किया गया था। मोहम्मद नबी कलात में तालिबान का सिक्योरिटी चीफ था। वहीं ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक फजल साल 2000 और 2001 में बड़े स्तर पर शिते मुसलमानों की हत्या में शामिल रहा है। वासिक तालिबान में इंटेलीजेंस का डिप्टी मिनिस्टर था तो नोरुल्ला तालिबान का कमांडर रह चुका है।

**ओबामा ने नहीं मानी किसी की बात :** अमेरिकी इंटेलीजेंस एजेंसियों ने जीटमो 5 को सबसे खतरनाक करार दिया था। एजेंसियों ने ओबामा से अपने फैसले पर पुर्नविचार तक करने को कहा था। ओबामा प्रशासन की तरफ से हर वॉर्निंग को नजरअंदाज कर दिया गया। सिर्फ इतना ही नहीं तालिबान को भरोसा दिया गया कि ये आतंकी कतर में सुरक्षित रहेंगे ताकि ये फिर से अफगानिस्तान में फिर से राजनीति में सक्रिय न हो पाएं।

मगर न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट पर अगर यकीन करें तो खैरख्वाह और बाकी आतंकियों ने तालिबान के आतंकियों के साथ कॉन्टैक्ट बनाया हुआ है। इन्होंने कसम खाई थी कि वो अफगानिस्तान से अमेरिकी सेनाओं को बाहर करके रहेंगे। खैरख्वाह ने तालिबान के शासन को फिर से मजबूत करने में एक बड़ा रोल अदा किया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की मानें तो खैरख्वाह दोहा में हुई शांति वार्ता में आधिकारिक वार्ताकार था।

**बाकी आतंकी भी आएंगे वापस :** खैरख्वाह ने ही मॉस्को में अफगानिस्तान में नियुक्त अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के राजदूत जलमय खालीजाद के साथ वार्ता की शर्त रखी थी। अल जजीरा की तरफ से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि खैरख्वाह अब निर्वासित में जी रहे अपने बाकी साथियों को भी अफगानिस्तान वापस लाने की तैयारी कर ली है। 20 साल तक अफगानिस्तान में युद्ध जारी रखने के बाद अब अमेरिकी फौजें यहां से जा चुकी हैं।


11 सितंबर 2001 को अमेरिका पर हुए आतंकी हमलों के बाद अफगानिस्तान में विदेशी सेनाएं दाखिल हुई थीं। अल कायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को तालिबान शासित अफगानिस्तान में तलाशने के लिए अमेरिका ने ऑपरेशन लॉन्च किया था। 15 अगस्त को तालिबान ने काबुल पर कब्जे के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर फिर से कब्जा कर लिया है। अमेरिकी सेनाओं को अगस्त के अंत में अफगानिस्तान से जाना था मगर दो हफ्ते पहले ही तालिबान के कब्जे ने सबको हैरान कर दिया।

## चीन : एक हफ्ते में सिर्फ तीन घंटे ऑनलाइन गेम खेल पाएंगे बच्चे, नए नियमों से गिरे गेमिंग कंपनियों के शेयर

**बीजिंग.** चीन में ऑनलाइन गेमिंग से बच्चों को दूर रखने के लिए नए नियम बनाए गए हैं। चीन के रेगुलेटर्स ने देश की गेम इंडस्ट्री पर कड़े नियमों के एक नए सेट का ऐलान किया है। इसमें नाबालिगों के खेलने की संख्या को सीमित करना शामिल है। नए नियमों का उद्देश्य खेलों में बच्चों की अधिक भागीदारी को रोकना और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

गौरतलब है कि चीन समेत दुनियाभर में हाल के दिनों में बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग को लेकर क्रेज बढ़ता हुआ दिखाई दिया है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने नेशनल प्रेस एंड पब्लिकेशन एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जारी एक नोटिस का हवाला देते हुए बताया कि ऑनलाइन गेम प्रोवाइडर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को केवल एक घंटे के लिए नाबालिगों को सेवाएं दे सकते हैं। वे छुट्टियों के दौरान भी दिन में केवल एक घंटा ही ऑनलाइन गेम सकते हैं।



नए नियम देश में टेक्नोलॉजी कंपनियों पर होने वाली बड़ी कार्रवाई का हिस्सा हैं। चीन की सबसे बड़ी गेम कंपनी टेंसेंट होल्डिंग लिमिटेड ने पहले ही इसी तरह के प्रतिबंधों को लागू करना शुरू कर दिया है।

**तिबंधों के चलते गिरे शेयर्स :** टेंसेंट ने ऐलान किया था कि बच्चों द्वारा खेले जाने वाले इसके गेम की टाइमिंग को कम किया जाएगा। इस वजह से टेंसेंट के शेयर में भारी गिरावट देखने को मिली थी। इस महीने की शुरुआत में सरकारी मीडिया ने गेम इंडस्ट्रीट की जबरदस्त आलोचना करते हुए रिपोर्ट्स प्रकाशित कीं। एक समय तो मीडिया ने ऑनलाइन गेम को 'आध्यात्मिक अफीम' करार दे दिया। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में ऑनलाइन गेमिंग की तुलना 'इलेक्ट्रॉनिक ड्रग' से की गई। हालांकि, बाद में इस शब्द को हटा दिया गया। इन प्रतिबंधों की वजह से ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की शेयर की कीमतों में गिरावट हुई है।

**घरेलू टेक कंपनियों के पर कुतरने में लगा चीन :** चीनी अधिकारियों ने गेम्स के कंटेट को नियंत्रित करने, कथित राजनीतिक उल्लंघनों पर शीर्षकों को सेंसर करने या चीन में अपना गेम बेचने की इच्छुक विदेशी कंपनियों से कभी-कभी विचित्र कंटेट रखने की मांग की है। पिछले एक साल में, चीन ने अपनी घरेलू टेक कंपनियों की बढ़ती शक्ति को रोकने के लिए एक नियामक कार्रवाइयों का दौर शुरू किया है। पिछले महीने चीन के एंटी-ट्रस्ट रेगुलेटर ने टेंसेंट को अपने एक्सक्लूसिव म्युजिक लाइसेंसिंग राइट्स को छोड़ने का आदेश दिया और कंपनी पर प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के लिए जुर्माना लगाया।

## रिपोर्ट : जलवायु परिवर्तन को लेकर काम करने से भारत के लिए 11,000 अरब डॉलर के अवसर पैदा होंगे

**नई दिल्ली.** डेलॉयट इकनॉमिक्स इंस्टिट्यूट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को निरंतर जलवायु परिवर्तन के कारण अगले 50 वर्षों में 35,000 अरब डॉलर की आर्थिक क्षमता के नुकसान को रोकने के लिए इस समय कार्रवाई करनी चाहिए।

**'इंडियाज टर्निंग पॉइंट :** हाऊ क्लाइमेट एक्शन कैन ड्राइव अवर इकनॉमिक फ्यूचर' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत आर्थिक क्षमता के नुकसान के बजाय कैसे इसी अवधि में, बढ़ते वैश्विक तापमान को सीमित करके और दुनिया का 'डीकार्बनाइजेशन का निर्यात' कर अपनी क्षमता को हासिल करके 11,000 अरब डॉलर का आर्थिक मूल्य प्राप्त कर सकता है।

**डीकार्बनाइजेशन :** डीकार्बनाइजेशन का मतलब कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना होता है। डेलॉइट इंडिया के चेयरपर्सन अतुल धवन ने कहा, 'हमारे पास जलवायु परिवर्तन के रुख के



बदलने की खातिर जरूरी फैसले लेने को 10 वर्ष की छोटी सी अवधि है। कोई भी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से सुरक्षित नहीं है, लेकिन भारत के लिए यह नेतृत्व करने का और यह दिखाने का अवसर है कि कैसे जलवायु परिवर्तन को लेकर कार्रवाई लागत से जुड़ी नहीं है बल्कि इसका संबंध सतत आर्थिक वृद्धि से है।'

**तीन डिग्री से भी ज्यादा बढ़ सकता है वैश्विक तापमान :** उन्होंने कहा कि ऐसे में जब भारत 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। विकास को गति देने के लिहाज से ना केवल विदेशी एवं घरेलू निवेश महत्वपूर्ण होंगे, बल्कि देश को अपनी महत्वाकांक्षाओं को जलवायु विकल्पों के साथ जोड़ने के लिए भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन को लेकर कोई कार्रवाई ना किए जाने से, इस सदी के अंत तक औसत वैश्विक तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक की वृद्धि हो सकती है।

**कई तरह की चुनौतियों का करना पड़ सकता है सामना :** रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते तापमान की वजह से लोगों के लिए इस धरती पर जीना और काम करना बहुत कठिन हो जाएगा, क्योंकि जब समुद्र का स्तर बढ़ता है तो फसल की पैदावार गिरने लगती है, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा और भी कई तरह की अन्य चुनौतियां सामने आती हैं, जिनसे हाल के दशकों में देश द्वारा हासिल की गई आर्थिक प्रगति एवं समृद्धि खतरे में पड़ जाएगी।

## आखिर क्यों पैसेंजर प्लेन का रंग होता है सफेद, जानिए इसके पीछे की वजह

• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

जब कभी भी आप किसी प्लेन में बैठते हैं तो आपके दिमाग में अक्सर यह सवाल आता होगा कि आखिर ये पैसेंजर प्लेन हमेशा सफेद रंग में क्यों होते हैं? आपने कभी भी पैसेंजर प्लेन को किसी और रंग में नहीं देखा होगा और सभी हर एयरलाइन सफेद रंग का प्लेन ही अपने लिए चुनती है। आइए आपको आज इसकी वजह बताते हैं। वेबसाइट कोरा पर इस सवाल का जवाब लैशी स्मिथ ने दिया है जो एयरबस के साथ जुड़े हैं और अक्सर उनके आर्टिकल्स को लोग पसंद करते हैं।

**इसलिए चुना गया मैटल प्लेन :** सफेद रंग की जगह मैटल के प्लेन को क्यों चुना जाता था? जो जवाब लैशी ने दिया है वो कुछ इस तरह से है, 'यह इसलिए था क्योंकि अगर एयरक्राफ्ट पर कुछ टूट जाए या फिर कोई क्रैक नजर आए तो फिर पेंट किए हुए प्लेन पर आसानी से नजर नहीं आएगा। मगर मैटल के प्लेन पर ऑनबोर्ड कोई समस्या होती है तो उसे समझना और फिर उसे ठीक करना आसान होगा।'इन प्लेन को कुछ समय के बाद एयरलाइंस ने बाहर कर दिया था। मैटल के प्लेन को फिर सफेद रंग के प्लेन से रिप्लेस किया गया। स्मिथ के मुताबिक सफेद रंग की तुलना में ब्लैक पेंट बहुत ज्यादा खर्च होता था।

**सूरज की रोशनी में साफ नजर आता :** मैटल के प्लेन को अगर काले से रंग से पेंट किया जाता तो फिर बहुत ज्यादा पेंट खर्च होगा और ऐसा करने से प्लेन का वजन भी बढ़ जाएगा। बोइंग 747 जैसे प्लेन को रंगने में कई किलो पेंट लगता और फिर इसका वजन करीब 250 किलोग्राम तक बढ़ जाता। एयरलाइंस को लगा कि प्लेन का रंग जितना गहरा होगा,



उसका वजन उतना ही ज्यादा होगा। इससे अलग सफेद रंग सूरज की किरणों को सही तरह से रिफलेक्ट कर सकता था। साथ ही एयरक्राफ्ट की लाइफ को बढ़ाने में भी मददगार था। जहां बाकी रंग उड़ जाते हैं, सफेद रंग हल्का नहीं पड़ता है।

**कुछ एयरलाइंस के रंग-बिरंगे प्लेन :** स्मिथ ने यह भी लिखा है कि हर एयरोप्लेन सफेद हो, ऐसा जरूरी नहीं है। नीदरलैंड्स की केएलएम नेशनल एयरलाइंस ने आज भी अपने एयरक्राफ्ट के टॉप पर हल्के नीले रंग से रंगा हुआ है। इसके अलावा साउथवेस्ट एयरलाइन जो दुनिया की सबसे पुरानी और बजट एयरलाइन है, हमेशा सुनहरे, नीले और लाल रंग के साथ उड़ान भरी है। साउथवेस्ट की शुरुआत सन् 1967 में हुई थी।

**किसी जमाने में काले होते थे प्लेन :** लैशी ने जो वजह बताई है वो काफी दिलचस्प है और आज आपको प्लेन सफेद नजर आते हैं। मगर किसी जमाने में यह काले हुआ करते थे। सफेद रंग का प्लेन बहुत ही असाधारण माना जाता था। लैशी ने लिखा है, 'पुराने समय में बहुत सी एयरलाइंस जैसे पैन अमेरिकन एयरलाइंस, मैटल के बने काले रंग के प्लेन को चुनती थीं जिन पर कोई पेंट नहीं होता था। आज इस तरह के प्लेन नजर नहीं आते हैं।' उन्होंने बताया कहा कि अभी इन जेट्स को पूरी तरह से बाहर नहीं किया गया है।

## वनीला फ्लेवर की आइसक्रीम तो खूब खाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं ये कितने काम की चीज है

***वनीला एक मसाला है, जिसकी खेती की जाती है। भारत में वनीला की खेती मुख्यतः तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में होती है। इसके अलावा ये पूर्वी मेक्सिको, ग्वाटेमाला, मध्य अमेरिका, युगांडा, जमैका आदि जगहों पर भी उगाया जाता है।***

• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

नीला फ्लेवर की आइसक्रीम तो हम सभी खाते हैं। बच्चे तो वनीला फ्लेवर को उसके मध्यम स्वाद की वजह से बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है आखिर ये वनीला है क्या और ये कहां से आता है? आपको जानकर हैरानी होगी कि वनीला एक मसाला है, जिसकी खेती की जाती है। भारत में वनीला की खेती मुख्यतः तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में होती है। इसके अलावा ये पूर्वी मेक्सिको, ग्वाटेमाला, मध्य अमेरिका, युगांडा, जमैका आदि जगहों पर भी इसकी खेती होती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वनीला दुनिया के सबसे महंगे मसालों में आता है। जिसकी कीमत 30 से 40 हजार रुपये प्रति किलो है।



**इन चीजों में इस्तेमाल होता है वनीला :** वनीला का इस्तेमाल मुख्यतः आइसक्रीम में होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनियाभर में बनने वाली 40 फीसदी आइसक्रीम में वनीला फ्लेवर का इस्तेमाल होता है। इसके अलावा केक, बेकरी प्रोडक्ट्स, ड्रिंक्स, परफ्यूम और अन्य ब्यूटी प्रोडक्ट्स में भी बड़े स्तर पर वनीला का इस्तेमाल किया जाता है।

**वनीला के ये फायदे जानकर हैरान रह जाएंगे आप :** वनीला में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें वनिलिन पाया जाता है जो हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रखता है। ये हमारे शरीर में मौजूद नुकसानदेह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और फायदेमंद कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है।

वनीला में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो हमारे लिए काफी फायदेमंद होता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वनीला से कैंसर जैसी भयानक बीमारियों को खतरा भी कम होता है।

एंटी-इनफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर वनीला हमारे लिवर और जोड़ों के लिए भी काफी अच्छा होता है। इसके साथ ही इसमें एंटी-बैक्टीरियल तत्व भी होते हैं जो हमारी इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं, ये हमारे मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

## पटवारियों और कानूनगों का मुद्दा सुलझा

# अतिरिक्त पटवार सर्कलों में तुरंत प्रभाव से काम शुरू करेंगे पटवारी

**चंडीगढ़.** पटवारियों और कानूनगों का मुद्दा सुलझा लिया गया है और पटवारियों की तरफ से अतिरिक्त पटवार सर्कलों में तुरुंत प्रभाव से काम शुरू कर दिया जायेगा। यह प्रगटावा अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्त कमिशनर राजस्व रवनीत कौर ने किया। उन्होंने बताया कि राजस्व पटवार यूनियन के प्रतिनिधियों की तरफ से समय-समय पर राजस्व मंत्री गुरप्रीत सिंह कांगड़ और राजस्व विभाग के सीनियर अधिकारियों से माँगों सम्बन्धी की मीटिंगों के बाद अंत में सहमति बन गई और सभी जायज माँगों मान ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में पंजाब राजस्व पटवारियों क्लास-3सेवा नियम 1966 के मुताबिक पटवारी उम्मीदवारों को ढेड़ साल की ट्रेनिंग और 3 साल परख काल पूरा करना ज़रूरी है। ट्रेनिंग की मियाद को एक साल और परख काल को 2 साल करने के लिए नियमों में संशोधन करने का फ़ैसला किया गया है जिससे ट्रेनिंग और परख काल का कुल समय साढ़े चार (4.5) सालों की मौजूदा शर्त के मुकाबले 3 साल हो जाये। मौजूदा समय के दौरान 890 पटवारी प्रोबेशन पर काम कर हैं ; राजस्व विभाग की तरफ से परख काल समय (प्रोबेशन पीरियड) को 2 साल तक घटाने के लिए यह मामला सक्रियता से वित्त विभाग के समक्ष उठाया जायेगा। यह भी फ़ैसला किया गया कि पटवारियों के खाली पड़े पद जल्द भरे जाएंगे जिसके लिए पंजाब अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड को माँग भेजी जायेगी।

इसके इलावा, साल 1996 के बाद भर्ती हुए स्टाफ के सीनियर स्केल कैटगराईज़ेशन को बंद करने से विभिन्न विभागों में वेतनों सम्बन्धी कुछ बेनियमियां पैदा हुई हैं, जिनका राजस्व पटवारियों पर भी बुरा प्रभाव हुआ है। यह फ़ैसला किया गया कि वित्त विभाग की तरफ से इस मुद्दे को विचारने और समयबद्ध ढंग से अपनी सिफारिशें पेश करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जायेगा। यह बताया गया कि राजस्व पटवारियों को मुहैया करवाए गए कुछ पटवारी वर्क स्टेशन और पटवार-खानों में तत्काल मुरम्मत और ज़रूरी सहूलतों की कमी थी। राजस्व विभाग रख-रखाव और मुरम्मत और सहूलतों के प्रबंध के लिए राजस्व पटवारियों के एक प्रतिनिधियों के साथ ज़िला स्तर पर कमेटियों के गठन के लिए सहमत हुयी। ज़िला स्तरीय कमेटियाँ एक महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौंपेंगी। राजस्व पटवार यूनियन के प्रतिनिधियों ने भरोसा दिया कि अतिरिक्त पटवार सर्कलों का काम तुरंत शुरू किया जायेगा।

# मनोरंजन कालिया ने खराब हो रही कानून व्यवस्था पर लगाया प्रश्न चिन्ह

**जालंधर.** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज अपने पार्टी दफ्तर में एक प्रेस वार्ता की गई जिसमें पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया ने पंजाब में खराब हो रही कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया।

उन्होंने कहा कि आलम यह हो गया है कि कांग्रेस के शासनकाल में व्यक्ति फेसबुक पर लाइव होकर आत्महत्या कर रहे हैं जिसका जीता-जागता उदाहरण लांबड़ा में गऊशाला के संचालक द्वारा की गई आत्महत्या है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या करने वाले व्यक्ति ने विधायक सुरेंद्र सिंह चौधरी का भी नाम लिया था लेकिन पुलिस ने उन पर मामला दर्ज नहीं किया है जो कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। मनोरंजन कालिया ने कहा यदि 48 घंटे में मामला दर्ज नही किया गया तो वह माननीय हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगे।

प्रेस वार्ता दौरान उपस्थित अन्य भाजपा नेताओं में जिला प्रधान सुशील कुमार पूर्व प्रधान रमन पब्बी, राजीव धींगरा, पूर्व मेयर सुनील ज्योति, संजीव कुमार, महेंद्र भगत, अमरजीत सिंह अमरी व अन्य उपस्थित थे।



# त्यौहार सीजन के मद्दनेज़र कोविड टैस्ट करने के निर्देश

**कपूरथला.** डिप्टी कमिश्नर कपूरथला दीप्ति उप्पल ने आगामी त्योहारों के मद्देनज़र कोविड के फैलाव को रोकने के लिए चुनी हुई सैंपलिंग करने का फ़ैसला लिया गया है। इस के अंतर्गत सभी सरकारी और निजी दफ्तरों, शैक्षिक संस्थाओं, व्यापार अदारों, बड़े सामाजिक, राजनैतिक भीड़ों, रैलियाँ में मौजूद चुनिंदे लोगों के कोविड टैस्ट किये जाएंगे। इस के इलावा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आवश्कता अनुसार और किसी भी स्थान पर कोविड टैस्ट के लिए सैंपल लिए जा सकते हैं। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इन आदेशों को इन्न -बिन्न लागू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और अन्य सबंधित विभागों को सख़्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध डिज़ास्टर मैनेजमेंट एक्ट की धारा 51 और 60 के अंतर्गत सख़्त करवाई अमल में लाई जाएंगी।



# नेत्रदान से व्यक्ति दो जीवन को प्रबुद्ध कर सकता है : डॉ. बलवंत सिंह

**जालंधर.** नेत्रदान एक नेक कार्य है और मृत्यु के बाद किया गया यह दान किसी के जीवन को हमेशा के लिए उज्ज्वल कर सकता है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग जालंधर द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े की जानकारी देते हुए डॉ. बलवंत सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल हजारों लोग नेत्रों की रोशनी से वंचित हो जाते हैं। इसलिए अधिक से अधिक लोग नेत्रदान के इस पुण्य कार्य के लिए आगे आएं। डॉ. बलवंत सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति मरण उपरंत नेत्रदान कर सकता है। वह चाहें तो www.naham.punjab.gov.ni/dheo_dhontootin पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी उम्र का व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। चश्मा, नेत्र शल्य चिकित्सा या लेंस वाला कोई भी व्यक्ति अपनी आंखें दान कर सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की मृत्यु के 4 से 6 घंटे के भीतर नेत्रदान कर देना चाहिए। सिविल सर्जन ने अपील की कि यदि किसी व्यक्ति की तत्काल मृत्यु हो जाए तो मृतक के परिजन यथाशीघ्र बैंक की टीम से संपर्क करें।



## तस्मै श्री गुरुवे नमः

लेखिका
राधा

गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्मा तस्मै श्री गुरुवे नमः|
'शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रस्तुत है गुरु के कर्तव्य पर प्रकाश डालती हुई कविता|'
गुरु जो उंगली पकड़कर मार्ग दिखाए शिष्य को,
गुरु जो पोषित करे निज स्वेद से शिष्य के भविष्य को,
गुरू जो दीपक की तरह स्वयं जलकर प्रकाश दिखाए शिष्य को,
गुरू जो हाथ थामकर सही राह दिखाए शिष्य को,
वही गुरू सही अर्थों में गुरू कहलाए जो नि:स्वार्थ मन से निभाए अपने कर्तव्य को|
गुरु जो उड़ने को नया आसमान दे शिष्यों को गुरु जो बन कुम्हार आकार दे शिष्यों के व्यक्तित्व को,
गुरू जो समझकर बच्चों की मानसिकता सबक सिखाए शिष्यों को
गुरू जो नैतिकता के पाठ पढ़ाकर सुदृढ़ करे संस्कारों से शिष्यों को
वही गुरू सही अर्थों में गुरू कहलाए जो नि:स्वार्थ मन से ऊपर उठाए शिष्यों के अस्तित्व को|
जब कर्मठता से प्राप्त करे शिष्य अपने लक्ष्य को,
तब होती है सच्ची प्रसन्नता और खुशी एक गुरू को|
जब गुरू शिष्य का बंधन परिपक्व हो जाए तभी तो शिक्षक दिवस मनाना सफल हो जाए|

## आदर्श गुरु

लेखिका
रचना

शिक्षक होते हैं गुणवान
देते शिष्य पर ध्यान
शिष्य के अंदर छिपे गुणों को निखारे
बुराइयाँ दूर कर उनका भविष्य सँवारे
अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए
वही आदर्श गुरू कहलाए।
कुम्हार देता मिट्टी को सुन्दर रूप
गुरू बदल देता जीवन का स्वरूप
निखर जाता बच्चो का जीवन
जब शिक्षक कर देता सर्वस्व अर्पण
जीवन का जो ध्येय समझाए
वही आदर्श गुरू कहलाए।
शिक्षक होते प्यार, ममता की मूरत
उनमें नजर आए, ईश की सूरत
धीरज का जो पाठ पढ़ा
हम में गुणों का प्रकाश
निश्छल भाव से जो कार्य करता जाए
वही आदर्श गुरू कहलाए।
शिक्षक करता दोस्ताना व्यवहार
नई ऊर्जा का करता संचार
बच्चों के सफल हो जाएँ काज
जब उन्हें मिले गुरू का साथ
पत्थर को भी पारस कर जाए
वही आदर्श गुरू कहलाए।
गुरू हमारे प्रेरणास्रोत
सकारात्मक सोच से ओतप्रोत
गुरू ही हमें मंजिल तक पहुँचाए
हमारी काबलियत पर भरोसा दिलाए
जिस गुरू के चरणों में हम सब कुछ पा जाएँ।
वही आदर्श गुरू कहलाए।
वही आदर्श गुरू कहलाए।

# 23 सितंबर को कपूरथला में होगा राज्य स्तरीय मेगा रोज़गार मेला

**कपूरथला.** डिप्टी कमिश्नर कपूरथला दीप्ति उप्पल ने 23 सितम्बर को पंजाब तकनीकी यूनिवर्सिटी में होने वाले राज्य स्तरीय रोज़गार मेले से सम्बन्धित तैयारियों का जायज़ा लिया गया। इस सम्बन्धित ज़िला प्रशास्निक कंपलैक्स में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(ज) अदितया उप्पल, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (व) एस पी आंगरा और समूह विभागों के ज़िला मुखियों के साथ मीटिंग दौरान उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय रोज़गार मेले दौरान मुख्य मंत्री पंजाब कैप्टन अमरिन्दर सिंह अलग -अलग रोज़गार मेले के दौरान नामी कंपनियों में नौकरी के लिए चुने जाने वाले नौजवानों को जॉब पत्र प्रदान करेंगे।



# एडीसी ने विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायज़ा




**जालंधर.** साल 2021-22 दौरान मगनरेगा स्कीम अधीन जारी लक्ष्य और अलग -अलग स्कीमों अधीन हुई प्रगति का जायज़ा लेने के लिए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) जसप्रीत सिंह की तरफ से ज़िला प्रशास्निक कंपलैक्स में मीटिंग की गई, जिसमें ज़िला विकास और पंचायत अफ़सर, जालंधर, जिला परिषद, डिप्टी ई.एस.ए, ऐक्सियन पंचायती राज, डिप्टी डायरैक्टर (डी.बी.ई.ई) और समूह बी.डी.पी.ओज़ मौजूद थे। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने मगनरेगा स्कीम अधीन साल 2021-22 अधीन राज्य सरकार की तरफ से प्राप्त लक्ष्यों को समूह बी.डी.पी.ओज़ को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के निर्देश दिऐ। इसके साथ ही मगनरेगा स्कीम अधीन अलग -अलग ब्लाकों में चल रहे माडल पले गराऊंडों के कामों व स्कूलों में चल रहे प्रोजेक्टों की समीक्षा करते हुए बी.डी.पी.ओज़ को इन कामों की प्रगति का जायजा लेने के निर्देश दिए।


## SPORTS PLANET स्पोर्ट्स प्लैनेट

# फीफा विश्वविजेता फ्रांस, समेत अर्जेंटीना और जर्मनी जैसी धाकड़ टीमें हुई ओलंपिक से बाहर

**सेइतामा :** विश्व फुटबॉल की दिग्गज अर्जेंटीना, जर्मनी और फ्रांस टोक्यो ओलंपिक की पुरूष फुटबॉल स्पर्धा के पहले चरण से बाहर हो गए। अर्जेंटीना के लिए यह विश्वकप वैसे भी एक उलटफेर से शुरु हुआ। कभी क्रिकेट की दिग्गज टीम रही ऑस्ट्रेलिया से उसे पहले ही मैच में 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

डेंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लाचलान वेल्स के 14वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। मार्को टिलियो ने स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरने के एक ही मिनट बाद 80वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल कर दिया।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम 2008 के बाद अपना पहला ओलंपिक खेल रही है ऐसी टीम से हारना अर्जेंटीना को गले नहीं उतरा। हालांकि महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी इस ओलंपिक का हिस्सा नहीं है लेकिन जीत और हार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बहाना नहीं चलता।अर्जेंटीना अपने से कमतर आंकी जाने वाली मिस्त्र से बमुशिक्ल 1-0 के अंतर से मैच जीत पायी।





अर्जेंटीना को आखिरी ग्रुप मैच में स्पेन ने 1- 1 से ड्रॉ पर रोका ।और इस तरह अर्जेंटीना के ओलंपिक के सफर का अंत हो गया। एक महीने पहले ही अर्जेंटीना ने फाइनल में ब्राजील जैसी टीम को हराकर कोपा अमेरिका कप जीता था और अब ओलंपिक के पहले दौर के बाद ही बाहर होना पड़ रहा है।स्पेन का क्वार्टर फाइनल में सामना आइवरी कोस्ट से होगा।

**फीफा विश्व विजेता फ्रांस का भी बुरा हाल :** फीफा विश्वकप 2018 के विजेता फ्रांस का भी इस ओलंपिक में बुरा हाल हो गया। पहले ही मैच में फ्रांस को मेक्सिकों के हाथों 1-4 की शिकस्त झेलनी पड़ी। इसके बाद अगले मैच में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका से हुआ। मैच तो फ्रांस जीत गई लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने विश्व विजेता फ्रांस को नाकों चने चबवा दिए। यह मैच फ्रांस 4-3 से जीतने में सफल रही। लेकिन फ्रांस को अंतिम झटका लगना बाकी था।

फीफा विश्वकप में मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम और ओलंपिक की मेजबान जापान ने 4-0 से फ्रांस को रौंद कर ओलंपिक से बाहर कर दिया।

**जर्मनी भी नहीं छोड़ पायी कोई छाप :** फ्रांस और अर्जेंटीना के साथ फीफा विश्वकप की पूर्व विजेता जर्मनी का खेल भी बेअसर था। पहला मैच तो ब्राजील के खिलाफ था तो जर्मनी कुछ खास नहीं कर पायी। यह मैच जर्मनी 2-4 से हार गई।

लीग मैच में यही मैच जर्मनी हारी लेकिन अपने से निचली टीमों से ज्यादा गोल खाने के चक्कर में क्वार्टरफाइनल में जगह नहीं बना पायी। जर्मनी साउदी अरब से 3-2 से जीती और इसके बाद मामूली टीम कोटी डिलव्योर से 1-1 से मैच ड्रॉ करवा पायी।

ग्रुप सी में मिस्त्र ने आस्ट्रेलिया को 2- 0 से हराया। अब क्वार्टर फाइनल में मिस्त्र का सामना गत चैम्पियन ब्राजील से होगा जिसने सऊदी अरब को 3-1 से हराया। जर्मनी को आइवरी कोस्ट ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका। वहीं फ्रांस को जापान ने 4- 0 से मात दी।

# आईपीएल से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कोच की हुंकार, टीम की तैयारियों को लेकर कही बड़ी बात

*दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सीजन के फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर पाई थी और उसे अभी भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है।*



**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के दूसरे चरण के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम संयुक्त अरब अमिरात पहुंच गई है। लीग का दूसरा सीजन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। खिलाड़ियों ने बाकी के बचे सीजन के लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने बीते कुछ सीजनों से अच्छा किया है। वह बीते सीजन पहली बार लीग के फाइनल में पहुंची थी। इस साल भी पहले चरण में वह अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। टीम के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा है कि दूसरे चरण में टीम शून्य से शुरुआत करेगी। दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों में 12 अंक लेकर अंकतालिका में पहले स्थान पर है। आमरे ने हालांकि कहा है कि पहले चरण में अच्छी स्थिति में होने के बाद भी टीम दूसरे चरण में किसी तरह की आरामदायक स्थिति में नहीं होगी। दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है और इसके लिए वो कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी।

आईपीएल-14 का आयोजन भारत में ही किया जा रहा था, लेकिन मई के पहले सप्ताह में लीग के बायो बबल में कोरोना की सेंधमारी हो गई। कोलकाता नाइट राइडर्स के दो खिलाड़ियों के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स में भी सपोर्ट स्टाफ पर कोरोना का कहर टूट गया था। इसी कारण लीग को बीच में ही रोक दिया गया था। लीग के मौजूदा सीजन के मैच अब संयुक्त अरब अमिरात में खेले जाएंगे।


**ताजा शुरुआत :** आमरे ने एक बयान में कहा, "हमें बाकी के बचे सीजन को नए सीजन की तरह देखना होगा। पहले हाफ के बाद काफी लंबा ब्रेक हो गया है। हम अलग तरह की विकेटों और हालात में खेल रहे हैं। हमें शून्य से शुरुआत करनी होगी और किसी तरह का आराम नहीं फरमाना होगा। हमने पहले हाफ में जिस अंदाज में क्रिकेट खेली थी हम उसी अंदाज में लीग का दूरा चरण खेलेंगे।"

**हालात से तालमेल बिठाने की कोशिश :** दिल्ली कैपिटल्स ने प्री सीजन कैम्प में अभ्यास शुरू कर दिया है। सहायक कोच आमरे और अजय रात्रा आईसीसी अकादमी में टीम को देख रहे हैं। आमरे ने कहा है कि टीम यूएई के हालात से तालमेल बिठाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, "जब सीजन की शुरुआत होगी तो काफी उमस होगी। यह खिलाड़ियों के लिए जरूरी है कि वह विकेट और स्थिति से आदि हो जाएं। हमें यहां जल्दी भेजने के लिए दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधन का शुक्रिया। इससे हमें ज्यादा समय मिलेगा।

# व्हीलचेयर पर आई अवनि, अभिनव बिंद्रा की जीवनी पढ़ी और रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली.** 19 वर्षीय अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में 249.6 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर की बराबरी करते हुए भारत को टोक्यो पैरालम्पिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। वह सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचीं थीं लेकिन फ़ाइनल में उन्होंने वाकई कमाल का प्रदर्शन किया और मौजूदा पैरालम्पिक चैंपियन चीन की झांग कुइपिंग को दूसरे स्थान पर छोड़ दिया। कुइपिंग ने 2489 का स्कोर कर रजत जीता जबकि यूक्रेन की शेटनिक इरिना ने 2275 का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। अवनि पैरालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

**कार दुर्घटना के कारण रीढ़ की हड्डी में लगी चोट :** अवनि लेखरा को 2012 में हुई एक कार दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा क्योंकि उनके पैर हिल डुल नहीं पाते थे लेकिन यह हादसा उनके और उनके परिवार के इरादों को जरा भी नहीं डिगा सका और उन्होंने सभी तरह की परिस्थितियों का डटकर सामना किया।



इस दुर्घटना में अवनि की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी थी। उनके पिता के जोर देने पर उन्होंने निशानेबाजी करना शुरू किया।

पूर्व ओलंपिक निशानेबाज सुमा शिरूर की देखरेख में वह ट्रेनिंग करने लगी और सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एचएस1 में 246.6 अंक के कुल स्कोर से टोक्यो में पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गयीं।

जयपुर की 19 साल की निशानेबाज ने इस दौरान पैरालंपिक का नया रिकार्ड भी बनाया और विश्व रिकार्ड की बराबरी भी की।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.